सुविचार

"मेहनत इतनी खामोशी से करो कि सफलता शोर मचा दे।"

# तरंग

बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल भोपाल
का मासिक ई - न्यूजलेटर

tarangnews2024@gmail.com   माह- अगस्त 2026   अंक - 38 वां

## बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल , भोपाल





महाविद्यालय परिवार

## इस अंक के आकर्षण

- दीक्षारंभ समारोह 2026 : ज्ञान, संस्कार एवं सफलता की ओर पहला कदम
- पूर्व छात्र डॉ. शिलादित्य वर्मा को "Positive Influence Ambassador Award" से सम्मानित होने पर हार्दिक बधाई
- विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित
- महाविद्यालय परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत हुआ वृहद वृक्षारोपण
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर विचार गोष्ठी आयोजित
- मुख्यमंत्री जी के स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम में NSS एवं NCC विद्यार्थियों की सहभागिता
- नशे से दूरी है जरूरी 2.0 : जागरूकता अभियान का शुभारंभ
- महाविद्यालय में एआई और रोजगारोन्मुखी शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा
- गुरु पूर्णिमा समारोह – गुरु-शिष्य परंपरा का गौरव
- मुंशी प्रेमचंद जयंती समारोह का गरिमामय आयोजन

## दीक्षारंभ समारोह 2026 : ज्ञान, संस्कार एवं सफलता की ओर पहला कदम

बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल, भोपाल में दिनांक 01 जुलाई 2026 से 03 जुलाई 2026 तक आयोजित तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए उत्साह, प्रेरणा, मार्गदर्शन और आत्मविश्वास से भरी एक नयी शुरुआत का अवसर बना। समारोह के माध्यम से नवागंतुक विद्यार्थियों का महाविद्यालय परिवार में आत्मीय स्वागत किया गया तथा उन्हें महाविद्यालय की शैक्षणिक परंपराओं, अनुशासन, विभिन्न विभागों, सुविधाओं एवं शैक्षणिक गतिविधियों से परिचित कराया गया। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS), राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC), खेलकूद, सह-पाठ्यक्रम एवं पाठ्येतर गतिविधियों तथा रोजगारोन्मुखी अवसरों की जानकारी प्रदान की गई। विभिन्न परिचयात्मक एवं प्रेरणादायी सत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने लक्ष्यों के प्रति सजग रहते हुए निरंतर सीखने, सकारात्मक सोच अपनाने और अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करने के लिए प्रेरित किया गया। इस आयोजन ने विद्यार्थियों में नयी ऊर्जा, आत्मविश्वास और सीखने की उत्सुकता का संचार करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक मजबूत आधार तैयार किया।

"नई शुरुआत • नए सपने • नई उड़ान • उज्ज्वल भविष्य"
























## पूर्व छात्र डॉ. शिलादित्य वर्मा को "Positive Influence Ambassador Award" से सम्मानित होने पर हार्दिक बधाई

महाविद्यालय के पूर्व छात्र डॉ. शिलादित्य वर्मा ने अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली, सकारात्मक दृष्टिकोण एवं प्रेरणादायी व्यक्तित्व से देश-विदेश में महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। उन्हें Higher Colleges of Technology (HCT), Fujairah Campuses, संयुक्त अरब अमीरात (UAE) द्वारा आयोजित HCT End of Academic Year Celebration 2026 में प्रतिष्ठित "Positive Influence Ambassador Award" से सम्मानित किया गया। दिनांक 06 जुलाई 2026 को आयोजित इस गरिमामय समारोह में डॉ. शिलादित्य वर्मा को उनके सकारात्मक प्रभाव (Positive Influence), प्रेरणादायी योगदान तथा विद्यार्थियों एवं शैक्षणिक समुदाय के बीच सकारात्मक सोच, उत्साह और आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। यह पुरस्कार उनके समर्पण, नेतृत्व क्षमता, उत्कृष्ट कार्यशैली एवं अपने आसपास के लोगों पर सकारात्मक प्रभाव डालने की क्षमता का प्रमाण है। एक पूर्व छात्र के रूप में डॉ. वर्मा की यह उपलब्धि वर्तमान विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है और यह संदेश देती है कि ज्ञान, परिश्रम, सकारात्मक सोच और निरंतर प्रयास के माध्यम से वैश्विक स्तर पर उत्कृष्ट पहचान बनाई जा सकती है। डॉ. शिलादित्य वर्मा की इस उपलब्धि से यह भी स्पष्ट होता है कि महाविद्यालय से प्राप्त शिक्षा एवं संस्कार विद्यार्थियों को न केवल शैक्षणिक रूप से सशक्त बनाते हैं, बल्कि उन्हें समाज एवं वैश्विक शैक्षणिक समुदाय में सकारात्मक योगदान देने के लिए भी प्रेरित करते हैं। उनकी सफलता महाविद्यालय के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है तथा वर्तमान एवं भावी विद्यार्थियों के लिए "सीखें, आगे बढ़ें और समाज पर सकारात्मक प्रभाव छोड़ें" की प्रेरणा देती है। यह सम्मान न केवल डॉ. शिलादित्य वर्मा की व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि उनके मातृ महाविद्यालय, शिक्षकों, सहपाठियों एवं समस्त महाविद्यालय परिवार के लिए भी गर्व और प्रसन्नता का विषय है। वैश्विक मंच पर मिली यह पहचान महाविद्यालय की शैक्षणिक परंपरा एवं पूर्व विद्यार्थियों की उपलब्धियों को एक नई ऊँचाई प्रदान करती है।

"मातृ संस्थान का गौरव, वैश्विक मंच पर नई पहचान।"












## विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

दिनांक - 06 जुलाई 2026 महाविद्यालय में शासन के निर्देशानुसार, प्राचार्य डॉ. संजय कुमार जैन के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के समस्त फैकल्टी सदस्यों एवं कर्मचारियों हेतु विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण विषय पर ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्राध्यापक मनोविज्ञान डॉ. रजनीश जैन ने विद्यार्थियों के मानसिक दबाव के तीन प्रमुख कारण—अपेक्षाओं, तुलना और भविष्य की चिंता पर प्रकाश डाला। रेकी मास्टर सुश्री रितु नंदा ने मानसिक शांति एवं कल्याण में रेकी के महत्व की जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. संजय कुमार जैन ने कहा कि " अंक, अटेंडेंस और अनुशासन जरूरी हैं, लेकिन सबसे पहले जरूरी है एक स्वस्थ मन। " उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों की भावनात्मक स्थिति को समझने और जरूरत पड़ने पर उनसे संवाद करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में काउंसलिंग सेल को सशक्त करने तथा प्रत्येक माह वेलनेस सेशन आयोजित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने सहभागिता की। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए संवेदनशील, सकारात्मक एवं स्वस्थ शैक्षणिक वातावरण विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रहा।







## महाविद्यालय परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत हुआ वृहद वृक्षारोपण

पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के उद्देश्य से 7 जुलाई 2026 को महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना (संयुक्त इकाई), पर्यावरण संरक्षण समिति एवं दैनिक भास्कर, भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार जैन ने पौधारोपण कर किया। उन्होंने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में प्राध्यापक, कर्मचारी, विद्यार्थी एवं दैनिक भास्कर, भोपाल की टीम ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। राष्ट्रीय सेवा योजना के 32 स्वयंसेवकों ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों एवं उपस्थितजनों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को जन-जन तक पहुँचाने का संदेश दिया गया।







## राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर विचार गोष्ठी आयोजित

दिनांक 10 जुलाई 2026 को शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के स्थापना दिवस के अवसर पर भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य वक्ता डॉ. प्रकाश बर्तुनिया ने भारतीय ज्ञान, संस्कृति एवं गौरव को बढ़ावा देने तथा मातृभाषा में शिक्षा पर जोर दिया। प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने NEP 2020 को छात्र-केंद्रित एवं लचीली नीति बताते हुए बहुविषयक शिक्षा, कौशल विकास, इंटर्नशिप एवं रोजगारपरक शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के प्रतिनिधि, प्राध्यापक, महाविद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन डॉ. समता जैन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. वर्षा चौहान ने किया।








## मुख्यमंत्री जी के स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम में NSS एवं NCC विद्यार्थियों की सहभागिता

दिनांक- 10 जुलाई 2026 को रवीन्द्र भवन, भोपाल में माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के स्वागत एवं अभिनंदन हेतु आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय की ओर से सहभागिता की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के 5 सहायक प्राध्यापकों एवं NSS तथा NCC के 20 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। NSS एवं NCC स्वयंसेवकों ने अनुशासन, सेवा भावना एवं टीमवर्क का परिचय देते हुए भोजन व्यवस्था, अतिथि सहयोग एवं अन्य व्यवस्थाओं में सक्रिय योगदान दिया। विद्यार्थियों की समर्पित सहभागिता ने कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



## यात्रा, पर्यटन और होटल प्रबंधन पाठ्यक्रमों सहित 70 प्रतिशत से अधिक प्रवेश प्रवेश मेले सकारात्मक प्रभाव



इस महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में यात्रा, पर्यटन और होटल प्रबंधन पाठ्यक्रमों सहित कला, विज्ञान और वाणिज्य के 70 प्रतिशत से अधिक स्थानों पर नियमित प्रवेश हो चुका है। प्रवेश प्रभारी डॉ. सीमा श्रीवास्तव ने बताया कि स्नातक स्तर पर कुल उपलब्ध 620 स्थानों पर 526 विद्यार्थियों ने प्रवेश ले लिया है जबकि स्नातकोत्तर स्तर पर 300 स्थानों पर 150 विद्यार्थियों ने प्रवेश ले लिया है। प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने बताया कि प्रवेश मेले से विद्यार्थियों को उचित विकल्प चुनने में जानकारी सरल रहती है जिससे वे पात्रता अनुसार शीघ्र प्रवेश ले पा रहे हैं। कॉलेज के कुल 920 स्थानों में से 676 प्रवेश हो चुके हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार एक वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश दिया जा रहा है। महाविद्यालय के रोजगारमुखी स्ववित्तीय पाठ्यक्रमों के प्रति छात्र-छात्राओं का रुझान बढ़ा है।

## नशे से दूरी है जरूरी 2.0 : जागरूकता अभियान का शुभारंभ

दिनांक 14 जुलाई 2026 को रविंद्र भवन में माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी की गरिमामय उपस्थिति में ‘ नशे से दूरी है जरूरी 2.0 ’ जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। मध्य प्रदेश पुलिस विभाग द्वारा 15 से 30 जुलाई 2026 तक चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर नशामुक्त एवं स्वस्थ जीवन के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा नशा एवं मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न जागरूकता सामग्री एवं पंपलेट का विमोचन किया गया। साथ ही नशा मुक्ति अभियान पर आधारित चलचित्र का प्रसारण कर उपस्थित युवाओं को “नशे को ना, जीवन को हाँ” कहने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डॉ. गीता चौहान एवं डॉ. वर्षा चौहान के साथ एनसीसी एवं एनएसएस कैडेट्स ने सक्रिय सहभागिता की।

















## डॉ. समता जैन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ

महाविद्यालय की डॉ. समता जैन द्वारा “भारतीय कृषि का परिचय” पुस्तक के लेखन/प्रकाशन के लिए महाविद्यालय परिवार की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। यह उपलब्धि उनके ज्ञान, लेखन कौशल एवं अकादमिक योगदान को दर्शाती है। महाविद्यालय परिवार उनके उज्ज्वल भविष्य एवं निरंतर सफलता की कामना करता है।





भारतीय कृषि का परिचय
बी.ए. प्रथम वर्ष
(माइनर-I)

समन्वयक
डॉ. रिखबचन्द जैन
सह-प्राध्यापक, अर्थशास्त्र
प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस,
स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच (म.प्र.)

लेखक
डॉ. समता जैन
प्राध्यापक, अर्थशास्त्र
बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
भेल, भोपाल (म.प्र.)

डॉ. ममता पंवार
सहायक प्राध्यापक, अर्थशास्त्र
प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस,
शासकीय माधव महाविद्यालय,
उज्जैन (म.प्र.)

डॉ. शेखर मैदमवार
सहायक प्राध्यापक, अर्थशास्त्र
शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुरा
नीमच (म.प्र.)

मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल

## नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान : शपथ एवं जागरूकता रैली

महाविद्यालय में दिनांक 15 से 25 जुलाई 2026 तक “नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0” अभियान के अंतर्गत एनसीसी इकाई द्वारा विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों एवं एनसीसी कैडेट्स को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई तथा जागरूकता रैली एवं मानव श्रृंखला के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया गया। अभियान के दौरान नशा मुक्ति विषयक लघु फिल्म एवं जागरूकता रील्स का प्रदर्शन किया गया। डॉ. रजनीश जैन एवं श्री अनुप दुबे ने नशे के दुष्प्रभावों, नशामुक्ति के उपायों तथा स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर प्रेरक व्याख्यान दिए। प्राचार्य डॉ. संजय जैन के मार्गदर्शन एवं लेफ्टिनेंट डॉ. वर्षा चौहान के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं एनसीसी कैडेट्स ने सक्रिय सहभागिता की। महाविद्यालय परिवार ने नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।






## नशे से दूरी है जरूरी 2.0 : शॉर्ट मूवी एवं जागरूकता रील

दिनांक - 16 जुलाई 2026 को उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के “नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0” अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय की एनसीसी इकाई द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नशे के दुष्परिणामों एवं सामाजिक, मानसिक तथा शारीरिक प्रभावों पर आधारित लघु फिल्म (शॉर्ट मूवी) तथा एनसीसी कैडेट्स द्वारा तैयार जागरूकता रील का प्रदर्शन किया गया। प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों को नशामुक्त जीवन अपनाने और समाज में जनजागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। प्राचार्य के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे तथा सभी ने नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया।






## नशे से दूरी है जरूरी 2.0 : जन-जागरूकता गतिविधियाँ

नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0” अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय में एनसीसी इकाई द्वारा 15 से 25 जुलाई तक विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. संजय जैन के मार्गदर्शन एवं एनसीसी अधिकारी डॉ. वर्षा चौहान के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने नशामुक्ति शपथ, जागरूकता रैली, मानव श्रृंखला, पोस्टर-रंगोली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर डॉ. रजनीश जैन ने नशे के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों पर जानकारी दी। कार्यक्रम में Alcoholics Anonymous के प्रतिनिधियों ने नशामुक्ति के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। कार्यक्रम का समापन नशामुक्त भारत के निर्माण के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।





## महाविद्यालय में एआई और रोजगारोन्मुखी शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा

एसडीएम श्री एल.के. खरे ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के सुचारु संचालन के लिए छात्र हित में विभिन्न अधोसंरचना विकास संबंधी निर्णय लिए। उन्होंने विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा से जोड़ने तथा शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों और पारिवारिक दायित्वों के प्रति संस्कारित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। महाविद्यालय में संचालित टूरिज्म एवं होटल प्रबंधन पाठ्यक्रमों की उपलब्धियों पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की। बैठक में प्राचार्य एवं सचिव डॉ. संजय जैन ने स्ववित्तीय पाठ्यक्रमों, आउटसोर्स एजेंसी, अग्निशमन यंत्रों के रखरखाव, बाबूलाल गौर शोध समन्वय प्रकोष्ठ द्वारा सेमिनार तथा भेल प्रशासन से लाइसेंस शुल्क सहित विभिन्न प्रस्ताव प्रस्तुत किए। जनभागीदारी सदस्यों ने विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए अपने सुझाव एवं सक्रिय सहभागिता प्रदान की। अंत में जनभागीदारी प्रभारी डॉ. अंजना अग्रवाल ने अध्यक्ष एवं सभी उपस्थित सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।





## कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि, कैडेट्स ने किया पौधारोपण

दिनांक 27 जुलाई 2026 को महाविद्यालय की एनसीसी इकाई द्वारा कारगिल विजय दिवस के अवसर पर अमर वीर शहीदों की स्मृति में गरिमामय श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुष्पांजलि, कैंडल प्रज्वलन एवं दो मिनट का मौन रखकर वीर जवानों के अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान को नमन किया गया। कैडेट्स द्वारा देशभक्ति गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति एवं प्रेरक उद्बोधन के माध्यम से राष्ट्रप्रेम, अनुशासन, निष्ठा और देशसेवा का संदेश दिया गया। “एक कैडेट–एक पेड़” अभियान के अंतर्गत शहीदों की स्मृति में पौधारोपण भी किया गया। प्राचार्य डॉ. संजय कुमार जैन ने एनसीसी कैडेट्स के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में राष्ट्रभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम का संयोजन लेफ्टिनेंट डॉ. वर्षा चौहान के निर्देशन में संपन्न हुआ।




## पदोन्नति एवं कार्यभार ग्रहण पर हार्दिक बधाई

इस महाविद्यालय के श्री शिवनारायण प्रजापति जी, लेखापाल, को पदोन्नति प्राप्त होने पर मुख्य लिपिक का कार्यभार ग्रहण करने हेतु महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। आपकी कार्यनिष्ठा, समर्पण एवं उत्कृष्ट सेवाओं के लिए यह उपलब्धि गौरव का विषय है। हम आपके सफल कार्यकाल, उज्ज्वल भविष्य एवं निरंतर प्रगति की मंगलकामना करते हैं।






## गुरु पूर्णिमा समारोह – गुरु-शिष्य परंपरा का गौरव

दिनांक 29 जुलाई 2026 को महाविद्यालय के भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में डॉ. डी.वी. जैसवाल सभागार में "महर्षि सांदीपनि गुरु पर्व – गुरु पूर्णिमा समारोह" का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। छात्राओं द्वारा गुरु वंदना एवं गुरु स्मरण पर आधारित भावपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं तथा छात्र-छात्राओं ने तिलक एवं पुष्पगुच्छ अर्पित कर गुरुजनों का सम्मान किया। प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने गुरु को वटवृक्ष की भांति बताते हुए कहा कि गुरु अपने ज्ञान, संस्कार और अनुभव से विद्यार्थियों के जीवन को सही दिशा प्रदान करते हैं। मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. आशुतोष दुबे एवं प्रमुख अतिथि प्रो. डॉ. व्ही.एस. सिंह ने गुरु-शिष्य परंपरा की प्रासंगिकता, शिक्षक के दायित्व एवं विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में गुरु की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रेरणादायी विचार साझा किए। प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. समता जैन ने भारतीय ज्ञान परंपरा में गुरु-शिष्य संबंधों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन सामूहिक राष्ट्रगीत "वंदे मातरम्" के गायन के साथ हुआ।





## मुंशी प्रेमचंद जयंती समारोह का गरिमामय आयोजन

दिनांक 31 जुलाई 2026 को हिंदी विभाग, स्वरचित साहित्य मंच एवं स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद जयंती का भव्य आयोजन महाविद्यालय सभागार में किया गया। कार्यक्रम में प्रेमचंद के साहित्य, सामाजिक चिंतन, जीवन-दर्शन एवं मानवीय मूल्यों पर सार्थक विचार-विमर्श हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. किरण वट्टी ने प्रेमचंद को भारतीय समाज का संवेदनशील व्याख्याकार बताते हुए विद्यार्थियों को उनके साहित्य के गंभीर अध्ययन के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. संजय कुमार जैन ने कहा कि प्रेमचंद का साहित्य सामाजिक चेतना, नैतिक मूल्यों एवं मानवीय संवेदनाओं का अनुपम दस्तावेज है। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. सुषमा जादौन ने उनके साहित्यिक योगदान एवं सामाजिक सरोकारों पर प्रकाश डाला। स्वरचित साहित्य मंच के विद्यार्थियों नैना मालवीय, मनन दीक्षित एवं स्वीटी अहिरवार ने प्रेमचंद के साहित्य में नारी चेतना, यथार्थवाद एवं सामाजिक परिवर्तन की प्रासंगिकता पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कमलेश सिंह नेगी ने किया तथा आभार डॉ. सविता डेहरिया ने व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की पत्रिका ‘ सर्जना ’ विद्यार्थियों को वितरित की गई। आयोजन साहित्यिक उत्साह एवं बौद्धिक संवाद से परिपूर्ण रहा।








# समाचार पत्रों से

## यात्रा, पर्यटन और होटल प्रबंधन पाठ्यक्रमों सहित 70 प्रतिशत से अधिक प्रवेश प्रवेश मेले सकारात्मक प्रभाव



भोपाल, बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल में शैक्षणिक सत्र 2026-27में यात्रा, पर्यटन और होटल प्रबंधन पाठ्यक्रमों सहित कला, विज्ञान और वाणिज्य के 70प्रतिशत से अधिक स्थानों पर नियमित प्रवेश हो चुका है।

प्रवेश प्रभारी डा सीमा श्रीवास्तव ने बताया कि स्नातक स्तर पर कुल उपलब्ध 620 स्थानों पर 526 विद्यार्थियों ने प्रवेश ले लिया है जबकि स्नातकोत्तर स्तर पर300स्थानों पर 150 विद्यार्थियों ने प्रवेश ले लिया है प्राचार्य डा संजय जैन ने बताया कि प्रवेश मेले से विद्यार्थियों को प्रतिदिन उपलब्ध स्थानों की जानकारी सुलभ रहती है जिससे वे पात्रता अनुसार शीघ्र प्रवेश ले पा रहे हैं कालेज के कुल920स्थानों में से 676प्रवेश हो चुके हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020के अनुसार एक वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश दिया जा रहा है महाविद्यालय के रोजगारोन्मुखी स्ववित्तीय पाठ्यक्रमों के प्रति छात्र छात्राओं का रुझान बढ़ा है।

## डेली स्टार

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से कौशल विकास और रोजगार को मिला बढ़ावा, शिक्षकों के सम्मान की होगी पुनः प्रतिष्ठा: डॉ. प्रकाश बर्तूनिया







## स्वदेश ज्योति

### भेल कॉलेज में दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित



स्वदेश ज्योति संवाददाता, भोपाल

बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल, भोपाल में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए आयोजित तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय जीवन व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण चरण है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, नियमित अध्ययन, नैतिक मूल्यों एवं नवाचार की भावना के साथ अपने शैक्षणिक जीवन को उत्कृष्ट बनाने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020के प्रावधानों को समझाते हुए महाविद्यालय की विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. कीर्ति श्रीवास्तव ने दीक्षारंभ कार्यक्रम के उद्देश्यों एवं विभिन्न सत्रों की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर आईक्यूएसी सदस्य मानवेन्द्र सिंह, पर्यटन विशेषज्ञ मधुमिता नंदी, साहित्यकार डॉ. सुधीर रंजन सिंह तथा मनोचिकित्सक प्रो रजनीश जैन के प्रेरक एवं ज्ञानवर्धक उद्बोधन विशेष रूप से उल्लेखनीय रहे।

#### छात्रोपयोगी सुविधाओं की विस्तृत जानकारी भी विद्यार्थियों को प्रदान की

सभी वक्ताओं ने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, व्यक्तित्व विकास, मानसिक स्वास्थ्य, पर्यटन एवं साहित्य के विविध आयामों से परिचित कराया तथा जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की प्रेरणा दी कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक अधिकारी डॉ. अंजना अग्रवाल सहित डॉ पी एन राज ,डॉ सुषमा जादौन ,डा.प्रीती मिश्रा ,डॉ संजय वाकणकर, डॉ मीता बादल , डॉ शीला कुमारडा कैलाश ठाकरे, डॉ अर्चना जैन, डॉ गीता चौहान, जयंत सूर्यवंशी, डॉ वर्षा चौहान, डॉ अर्चना गौर ने महाविद्यालय की प्रशासनिक व्यवस्थाओं शैक्षणिक व्यवस्था, पीजी डिप्लोमा ,पुस्तकालय, छात्रवृत्ति एवं योजनाओं आईक्यूएसी, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों, राष्ट्रीय सेवा योजना, करियर मार्गदर्शन, स्मार्ट क्लास, ई-लाइब्रेरी तथा अन्य छात्रोपयोगी सुविधाओं की विस्तृत जानकारी भी विद्यार्थियों को प्रदान की गई।

### भेल कॉलेज में नवप्रवेशी छात्रों का दीक्षारंभ कार्यक्रम शुरू

## अनुशासन के साथ करें नियमित अध्ययन



स्वदेश संवाददाता ■ भोपाल

भेल के बाबूलाल गौर शासकीय महाविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने नवप्रवेशी छात्रों से अनुशासन, नियमित अध्ययन, नैतिक मूल्यों एवं नवाचार की भावना के साथ अपने शैक्षणिक जीवन को उत्कृष्ट बनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम की संयोजक डॉ. कीर्ति श्रीवास्तव ने दीक्षारंभ जानकारी दी। इस अवसर पर आईक्यूएसी सदस्य मानवेन्द्र सिंह, पर्यटन विशेषज्ञ मधुमिता नंदी, साहित्यकार डॉ. सुधीर रंजन सिंह तथा मनोचिकित्सक प्रो. रजनीश जैन ने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, व्यक्तित्व विकास, मानसिक स्वास्थ्य, पर्यटन एवं साहित्य के विविध आयामों से परिचित कराया।

इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी डॉ अंजना अग्रवाल, डॉ पीएन राज, डा सुषमा जादौन, डा. प्रीति मिश्रा, डॉ संजय वाकणकर, डा मीता बादल आदि ने महाविद्यालय की प्रशासनिक व्यवस्थाओं शैक्षणिक व्यवस्था, पीजी डिप्लोमा ,पुस्तकालय, छात्रवृत्ति एवं योजनाओं आईक्यूएसी, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों, राष्ट्रीय सेवा योजना, करियर मार्गदर्शन तथा अन्य छात्रोपयोगी सुविधाओं की जानकारी दी।

## बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, में दीक्षारंभ कार्यक्रम

दीनबन्धु • संवाददाता
dinbandhunews.com



भोपाल। मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल, भोपाल में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए आयोजित तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय जीवन व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण चरण है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, नियमित अध्ययन, नैतिक मूल्यों एवं नवाचार की भावना के साथ अपने शैक्षणिक जीवन को उत्कृष्ट बनाने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020के प्रावधानों को समझाते हुए महाविद्यालय की विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम की संयोजक डॉ. कीर्ति श्रीवास्तव ने दीक्षारंभ कार्यक्रम के उद्देश्यों एवं विभिन्न सत्रों की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर आईक्यूएसी सदस्य श्री मानवेन्द्र सिंह, पर्यटन विशेषज्ञ श्रीमती मधुमिता नंदी, साहित्यकार डॉ. सुधीर रंजन सिंह तथा मनोचिकित्सक प्रो. रजनीश जैन के प्रेरक एवं ज्ञानवर्धक उद्बोधन विशेष रूप से उल्लेखनीय रहे। सभी वक्ताओं ने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, व्यक्तित्व विकास, मानसिक स्वास्थ्य, पर्यटन एवं साहित्य के विविध आयामों से परिचित कराया तथा जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक अधिकारी डा अंजना अग्रवाल सहित डा पी एन राज ,डा सुषमा जादौन ,डा.प्रीती मिश्रा ,डा संजय वाकणकर डा मीता बादल ,डा शीला कुमारडा कैलाश ठाकरे,डा अर्चना जैन,डा गीता चौहान,श्री जयंत सूर्यवंशी,डा वर्षा चौहान डा अर्चना गौर ने महाविद्यालय की प्रशासनिक व्यवस्थाओं शैक्षणिक व्यवस्था, पीजी डिप्लोमा ,पुस्तकालय, छात्रवृत्ति एवं योजनाओं आईक्यूएसी, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों, राष्ट्रीय सेवा योजना, करियर मार्गदर्शन तथा अन्य छात्रोपयोगी सुविधाओं की विस्तृत जानकारी भी विद्यार्थियों को प्रदान की गई।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति से कौशल विकास और रोजगार अवसरों में वृद्धि का बना है वातावरण

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 शिक्षकों के सम्मान की पुनः प्रतिष्ठा का प्रयासः डॉ. प्रकाश बर्तूनिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शिक्षा, संस्कृति उत्थान न्यास की स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि एवं डॉ प्रकाश बर्तुनिया, पूर्व कुलपति बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर केंद्रीय विवि लखनऊ ने बताया कि शिक्षा जगत में व्याप्त विसंगतियों के निराकरण के बनी शिक्षा बचाओ समिति कालांतर में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के रूप में स्थापित है, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के माध्यम से हमारे देश के गौरव को विभिन्न प्रकल्पों के द्वारा पुनः स्थापित करने का प्रयास है। मातृभाषा और क्षेत्रीय भाषा में शिक्षा को प्रोत्साहित कर हमें अपनी जड़ों से जोड़ने की बात कही।

### अब विज्ञान का छात्र संगीत सीख सकता है



गोष्ठी में विचार रखते वक्ता।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय जैन ने कहा कि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 छात्र केंद्रित है। इसमें मल्टी डिसीप्लिनरी एप्रोच के तहत अब विज्ञान का छात्र संगीत सीख सकता है और कला का छात्र कोडिंग। लचीलापन ही इस नीति की रीढ़ है। साथ ही इस शिक्षा नीति के तहत छात्रों के कौशल विकास और रोजगार अवसरो में वृद्धि पर फोकस किया गया है। इंटर्नशिप, वोकेशनल कोर्स और इंडस्ट्री से जुड़ाव को अब मुख्यधारा में लाया गया है। कार्यक्रम में भंगु सिंह रावत, शिक्षा संस्कृति उद्यान न्यास भोपाल विभाग के संयोजक, डॉ अलका प्रधान प्राध्यापक एमवीएम कॉलेज और राकेश सहरिया शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास भोपाल के सदस्य भी उपस्थित रहे। संचालन भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ समता जैन द्वारा किया। आभार डॉ वर्षा चौहान ने माना।

## नई शिक्षा नीति से शिक्षकों की बढ़ेगी पुनः प्रतिष्ठा : डॉ. प्रकाश



■ भेल कॉलेज में सेमीनार आयोजित

स्वदेश भोपाल 11.7.2026

स्वदेश संवाददाता ■ भोपाल

राष्ट्रीय शिक्षा नीति से से कौशल विकास और रोजगार अवसरों में वृद्धि का वातावरण बना है। ये विचार भेल के बाबूलाल गौर शासकीय पीजी महाविद्यालय में शिक्षा,संस्कृति उत्थान न्यास की स्थापना दिवस पर भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ की आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि डॉ प्रकाश बर्तुनिया, पूर्व कुलपति बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय लखनऊ ने व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मातृभाषा और क्षेत्रीय भाषा में शिक्षा को प्रोत्साहित कर हमें अपनी जड़ों से जोड़ने की बात कही। विद्यार्थियों और शिक्षकों को इस नीति मे अपने सुझाव देने का प्रावधान भी है, जिससे इसे और अधिक प्रसांगिक बनाया जा रहा है। प्राचार्य डॉ संजय जैन ने कहा कि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है। नई शिक्षा नीति छात्र केंद्रित है। छात्रों के कौशल विकास और रोजगार अवसरों में वृद्धि पर फोकस किया है।

इस मौके पर कार्यक्रम में भंगु सिंह रावत, शिक्षा संस्कृति उद्यान न्यास भोपाल विभाग के संयोजक, डॉ अलका प्रधान प्राध्यापक एमवीएम कॉलेज और राकेश सहरिया शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास भोपाल के सदस्य उपस्थित रहे।

## भेल कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 शिक्षकों के सम्मान की पुनः प्रतिष्ठा का प्रयास : डॉ. प्रकाश बर्तूनिया





कैंपस अपडेट

## बाबूलाल गौर कॉलेज में 15 तक लगेगा प्रवेश मेला



भोपाल | बीएचईएल क्षेत्र स्थित बाबूलाल गौर शासकीय पीजी कॉलेज में सत्र 2026-27 के लिए 15 जुलाई तक प्रवेश मेला आयोजित किया जा रहा है। सीएलसी अतिरिक्त चरण के तहत विद्यार्थियों को प्रवेश का अवसर मिलेगा। मेले में बीए, बीकॉम, बीएससी, एमए, एमकॉम और एमएससी के साथ पीजी डिप्लोमा इन टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट में प्रवेश की जानकारी दी जाएगी। विद्यार्थियों को कॉलेज की लाइब्रेरी, लैब और डिजिटल सुविधाओं के साथ करियर मार्गदर्शन, छात्रवृत्ति और व्यक्तित्व विकास गतिविधियों की जानकारी भी मिलेगी। अधिक जानकारी के लिए बरखेड़ा स्थित कॉलेज परिसर में संपर्क किया जा सकता है।

---

भेल कॉलेज में हुई बैठक

विद्यार्थी, नैतिक मूल्यों और पारिवारिक दायित्वों से भी संस्कारित हों: एसडीएम खरे

## एआई, रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण को प्रोत्साहन देगी जनभागीदारी समिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राजधानी स्थित बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की जनभागीदारी की सामान्य परिषद बैठक शनिवार को आयोजित की गई।

इसकी अध्यक्षता करते हुए एसडीएम एलके खरे ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के सुचारु संचालन के लिए छात्र हित में विभिन्न अधोसंरचना विकास संबंधित निर्णयों के साथ विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा को प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया गया। कॉलेज में संचालित टूरिज्म और होटल प्रबंधन संबंधी पाठ्यक्रमों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और पारिवारिक दायित्वों से संस्कारित करने की आवश्यकता बताई।

---

आरएनआई: MPHIN/2024/89800
दैनिक डेली स्टार
■ वर्ष- 3 ■ अंक- 201 भोपाल, रविवार 26 जुलाई 2026 ■ पृष्ठ- 8 ■ मूल्य- 1.50

## बाबूलाल गौर कॉलेज में एआई और रोजगारपरक पाठ्यक्रमों को मिलेगा बढ़ावा

एसडीएम की अध्यक्षता में हुए बड़े फैसले, विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों और पारिवारिक दायित्वों से संस्कारित करने पर जोरः एल.के. खरे





■ भोपाल, डेली नेटवर्क।

बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय (भेल) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के सुचारु संचालन को लेकर जनभागीदारी सामान्य परिषद की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। एसडीएम एल.के. खरे की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में छात्र हितों को ध्यान में रखते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोजगारपरक शिक्षा को बढ़ावा देने का बड़ा निर्णय लिया गया। इस दौरान एसडीएम खरे ने विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों, सामाजिक संस्कारों और पारिवारिक दायित्वों से जोड़ने पर विशेष जोर दिया।

नैतिक मूल्यों और पारिवारिक दायित्वों का पाठ जरूरी

विकास और व्यवस्थाओं से जुड़े कई प्रस्तावों पर लगी मुहर

जनभागीदारी सदस्यों ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव

---

## एआई एवं रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण को प्रोत्साहन देगी जनभागीदारी

### विद्यार्थी, नैतिक मूल्यों और पारिवारिक दायित्वों से भी संस्कारित हों : एसडीएम



बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल की जनभागीदारी की सामान्य परिषद बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम एल के खरे ने शैक्षणिक सत्र 2026-27के सुचारु संचालन के लिए छात्र हित में विभिन्न अधोसंरचना विकास सम्बंधित निर्णयों के साथ विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा को प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया. महाविद्यालय में संचालित टूरिज्म और होटल प्रबंधन सम्बन्धी पाठ्यक्रमों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त की ।

आपने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ -साथ नैतिक मूल्यों और पारिवारिक दायित्वों से संस्कारित करने की आवश्यकता बताई। बैठक के प्रारंभ में सचिव एवं प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने पुष्प गुच्छ से अध्यक्ष का स्वागत करते हुए स्ववित्तीय पाठ्यक्रमों, आऊटसोर्स एजेंसी, अग्नि शमन यंत्रों का रखरखाव, बाबूलाल गौर शोध समन्वय प्रकोष्ठ द्वारा सेमीनार, भेल प्रशासन से लायसेंस शुल्क आदि बिन्दुओं के प्रस्ताव प्रस्तुत किए। जनभागीदारी सदस्य तेजसिंह ठाकुर , करतार सिंह नागर, संजय कुंवर, पुष्पा राय, खिलान सिंह, अंशुल यादव, डॉ. प्रीति मिश्रा ने भी अध्यक्ष एल के खरे का स्वागत किया तथा विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने में अपने विचारों से सक्रिय भूमिका निभाई। अंत में जनभागीदारी प्रभारी डॉ. अंजना अग्रवाल ने अध्यक्ष सहित सभी उपस्थित सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

---

ए आई एवं रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण को प्रोत्साहन देगी जनभागीदारी

## विद्यार्थी, नैतिक मूल्यों और पारिवारिक दायित्वों से भी संस्कारित हों: एसडीएम

भोपाल। बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल की जनभागीदारी की सामान्य परिषद बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम श्री एल के खरे ने शैक्षणिक सत्र 2026-27के सुचारु संचालन के लिए छात्र हित में



विभिन्न अधोसंरचना विकास सम्बंधित निर्णयों के साथ विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी एवं रोजगारोंन्मुखी शिक्षा को प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया. महाविद्यालय में संचालित टूरिज्म और होटल प्रबंधन सम्बन्धी पाठ्यक्रमों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त की . आपने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ -साथ नैतिक मूल्यों और पारिवारिक दायित्वों से संस्कारित करने की आवश्यकता बताई. बैठक के प्रारंभ में सचिव एवं प्राचार्य डा संजय जैन ने पुष्प गुच्छ से माननीय अध्यक्ष का स्वागत करते हुए स्ववित्तीय पाठ्यक्रमों, आऊटसोर्स एजेंसी, अग्नि शमन यंत्रों का रखरखाव, बाबूलाल गौर शोध समन्वय प्रकोष्ठ द्वारा सेमीनार, भेल प्रशासन से लायसेंस शुल्क आदि बिन्दुओं के प्रस्ताव प्रस्तुत किए . जनभागीदारी सदस्य श्री तेजसिंह ठाकुर , करतार सिंह नागर, संजय कुंवर, श्रीमती पुष्पा राय,खिलान सिंह, अंशुल यादव, डा प्रीति मिश्रा ने भी अध्यक्ष श्री एल के खरे का स्वागत किया तथा विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने में अपने विचारों से सक्रिय भूमिका निभाई .अंत में जनभागीदारी प्रभारी डा अंजना अग्रवाल ने अध्यक्ष सहित सभी उपस्थित सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

---

स्वदेश ज्योति

## रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण को प्रोत्साहन देगी जनभागीदारी परिषद



भोपाल । बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल की जनभागीदारी की सामान्य परिषद बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम एल के खरे ने शैक्षणिक सत्र 2026-27के सुचारु संचालन के लिए छात्र हित में विभिन्न अधोसंरचना विकास सम्बंधित निर्णयों के साथ विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी एवं रोजगारोंन्मुखी शिक्षा को प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया. महाविद्यालय में संचालित टूरिज्म और होटल प्रबंधन संबंधी पाठ्यक्रमों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त की। आपने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ - साथ नैतिक मूल्यों और पारिवारिक दायित्वों से संस्कारित करने की आवश्यकता बताई। जनभागीदारी सदस्य तेजसिंह ठाकुर , करतार सिंह नागर, संजय कुंवर, पुष्पा राय,खिलान सिंह, अंशुल यादव, डॉ. प्रीति मिश्रा ने भी अध्यक्ष एलके खरे का स्वागत किया तथा विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने में अपने विचारों से सक्रिय भूमिका निभाई।

---

स्वदेश ज्योति

## भेल कॉलेज में विद्यार्थियों ने लिया नशे से दूर रहने का संकल्प



स्वदेश ज्योति संवाददाता भोपाल

जिंदगी एक बार ही मिली है, हमें इसे बर्बाद नहीं करना चाहिए ,बात सेहत की है ,पैसों की नहीं, नशे से दूरी है ,जरूरी, नशा छोड़ो जीवन जोड़ो, स्वस्थ्य युवा सशक्त भारत जैसे उदघोष बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल की एन सी सी ईकाई द्वारा नशे से दूरी है जरूरी 2.0" पखवाड़े के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में और परिसर के बाहर जनसामान्य में नशामुक्ति का संदेश देने, नशे के दुष्परिणाम से बचने के लिए युवाओं को जागरूक करने के लिए किए गये। वर्ष 2029 तक नशामुक्त भारत के लक्ष्य को साकार करने के उद्देश्य से संचालित नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत 15 जुलाई से 25 जुलाई तक बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल, भोपाल की एनसीसी इकाई द्वारा प्राचार्य डॉ. संजय जैन के मार्गदर्शन एवं एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ.वर्षा चौहान के नेतृत्व में विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने नशामुक्ति शपथ ग्रहण कर नशे से दूर रहने तथा समाज को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने का संकल्प लिया।

---

नशामुक्ति अभियान: एनसीसी कैडेट्स ने रैलीव नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक

## भेल कॉलेज में छात्रों ने लिया जागरुकता का संकल्प

पत्रिका ZOOM रिपोर्टर patrika.com



भेल कॉलेज में नशामुक्ति पर संकल्प लेते एनसीसी के छात्र

भोपाल. नशामुक्त भारत के लक्ष्य को साकार करने के उद्देश्य से शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल की एनसीसी इकाई ने "नशे से दूरी है जरूरी 2.0" अभियान के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। अभियान के दौरान विद्यार्थियों, प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने नशामुक्ति की शपथ लेकर समाज को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने का संकल्प लिया। प्राचार्य डॉ. संजय जैन के मार्गदर्शन एवं एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. वर्षा चौहान के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स ने महाविद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में जागरूकता रैली निकाली।महात्मा गांधी चौराहे पर कैडेट्स ने मानव श्रृंखला बनाकर नशामुक्त भारत का संदेश दिया। अभियान के दौरान पोस्टर और रंगोली प्रतियोगिता करवाई गई।

---

## भेल कॉलेज में एआई और रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण, विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों से संस्कारित करने पर जोर

दैनिक राजधानी पॉवर भोपाल



बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल भोपाल की जनभागीदारी सामान्य परिषद की बैठक में विद्यार्थियों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम एल.के. खरे ने कहा कि वर्तमान समय में विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण से जोड़ना आवश्यक है, ताकि वे बदलती तकनीकी दुनिया में बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। एसडीएम खरे ने कहा कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास केवल शैक्षणिक उपलब्धियों से नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों, संस्कारों और पारिवारिक दायित्वों की समझ से भी होता है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा के साथ जिम्मेदार नागरिक बनाना भी होना चाहिए।बैठक में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के सुचारु संचालन के लिए छात्र हित से जुड़े विभिन्न अधोसंरचना विकास कार्यों पर चर्चा की गई और आवश्यक निर्णय लिए गए। इस दौरान महाविद्यालय में संचालित टूरिज्म एवं होटल मैनेजमेंट पाठ्यक्रमों की उपलब्धियों पर भी प्रसन्नता व्यक्त की गई।बैठक के प्रारंभ में महाविद्यालय के सचिव एवं प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अध्यक्ष एल.के. खरे का स्वागत किया। उन्होंने स्ववित्तीय पाठ्यक्रमों, आउटसोर्स एजेंसी, अग्निशमन यंत्रों के रखरखाव, बाबूलाल गौर शोध समन्वय प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित किए जाने वाले सेमिनार तथा भेल प्रशासन से लाइसेंस शुल्क सहित विभिन्न प्रस्ताव प्रस्तुत किए।जनभागीदारी सदस्यों तेज सिंह ठाकुर, करतार सिंह नागर, संजय कुंवर, श्रीमती पुष्पा राय, खिलान सिंह, अंशुल यादव और डॉ. प्रीति मिश्रा ने भी अध्यक्ष का स्वागत किया और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए अपने सुझाव रखे।

...कृष्ण चंद दुबे द्वारा मां शारदा प्रिंटर्स, मकान नंबर 28 कृष्णापुरा, पार्क रोड, जिंसी चौराहा, जहांगीराबाद भोपाल (म.प्र.) से मुद्रित एवं 66, भवानी धाम फेस-2 अयोध्या बायपास, भोपाल (म.प्र.) से प्रकाशित।
... bhel जुबली गेट के सामने भोपाल मध्य प्रदेश। संपादक- कृष्ण चंद दुबे (समस्त न्यायिक मामलों का क्षेत्र भोपाल न्यायालय रहेगा) मोबाइल- 9303112694 dainikrajdhanipower@gmail.com

---

शहर की हलचल

दैनिक भास्कर भोपाल 27.7.2026

## 1. एनसीसी का नशामुक्ति अभियान



भोपाल | बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल की एनसीसी इकाई ने 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' पखवाड़े में 2029 तक नशामुक्त भारत के लक्ष्य को लेकर जागरूकता कार्यक्रम किए। प्राचार्य डॉ. संजय जैन के मार्गदर्शन और एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. वर्षा चौहान के नेतृत्व में विद्यार्थियों, प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने नशामुक्ति की शपथ ली।

स्वदेश

## संक्षिप्त समाचार

### गुरु का जीवन समाज निर्माण का आधार



भोपाल। भेल स्थित बाबूलाल गौर शासकीय महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में महर्षि सांदीपनि गुरु पर्व गुरु पूर्णिमा समारोह धूमधाम से मनाया गया। डॉ. डी.वी. जैसवाल सभागार में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रासेयो पूर्व समन्वयक प्रो. डॉ. आशुतोष दुबे तथा सेवानिवृत्त अतिरिक्त संचालक के प्राध्यापक प्रो. डॉ. व्हीएस. सिंह थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने की। छात्राओं आनंदी कलसे, देविका, इशिता, शानू एवं दीपिका राजपूत ने गुरु वंदना सुनाई। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने तिलक एवं पुष्पगुच्छ अर्पित कर सभी गुरुजनों का सम्मान किया। स्वागत उद्बोधन प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने दिया। प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. समता जैन ने गुरु-शिष्य संबंधों के महत्व पर प्रकाश डाला। आभार प्रदर्शन डॉ. सविता डेहरिया ने किया। संचालन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. समता जैन, प्राध्यापक अर्थशास्त्र ने किया।

भेल-भोपाल

### गुरु का जीवन समाज निर्माण का आधार: बाबूलाल गौर कॉलेज में सांदीपनि गुरु पर्व पर बोले वक्ता, गुरुजनों का हुआ सम्मान

विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में गुरु की भूमिका सर्वोपरि

गुरु का जीवन समाज निर्माण का आधार

कार्यक्रम का संचालन और समापन







## एनसीसी कैडेट्स ने नुक्कड़ से दिया नशा न करने का संदेश

राष्ट्रवार्ता ✍ भोपाल



वर्ष 2029 तक नशामुक्त भारत के लक्ष्य को साकार करने के उद्देश्य से बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल की एनसीसी इकाई ने 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए।

अभियान के दौरान विद्यार्थियों, प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने नशामुक्ति की शपथ लेकर समाज को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने का संकल्प लिया। एनसीसी कैडेट्स ने महाविद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में जागरूकता रैली निकाली। महात्मा गांधी चौराहे पर कैडेट्स ने मानव श्रृंखला बनाकर नशामुक्त भारत का संदेश दिया। अभियान के दौरान पोस्टर और रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से नशे के सामाजिक, मानसिक और शारीरिक दुष्प्रभावों को प्रदर्शित किया गया। वहीं नुक्कड़ नाटक, लघु फिल्म और कैडेट्स द्वारा तैयार जागरूकता रील के जरिए युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया।

31.7.2026

## गुरू का जीवन समाज निर्माण का आधार : डॉ. व्हीएस सिंह

**विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में गुरु भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है: आशुतोष**





दैनिक भास्कर भोपाल 31-07-2026

### 4. गुरु और शिष्य परंपरा पर जोर



**भोपाल | बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तहत महर्षि सांदीपनि गुरु पर्व-गुरु पूर्णिमा समारोह डीवी जैसवाल सभागार में हुआ। मुख्य अतिथि आशुतोष दुबे और प्रमुख अतिथि वीएस सिंह रहे, जबकि अध्यक्षता प्राचार्य संजय जैन ने की। छात्राओं ने गुरु वंदना पर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी और विद्यार्थियों ने शिक्षकों का सम्मान किया। सं**

समारोह | विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में गुरु भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होता है : प्रो डॉ. आशुतोष दुबे

## गुरू का जीवन समाज निर्माण का आधार : डॉ.व्ही.एस.सिंह

शाम तक, भोपाल

बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल भोपाल में बुधवार को भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में महर्षि सांदीपनि गुरु पूर्णिमा समारोह का आयोजन डॉ. डी.वी. जैसवाल सभागार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व समन्वयक प्रो. डॉ. आशुतोष दुबे प्राध्यापक अंग्रेजी तथा प्रमुख अतिथि सेवानिवृत्त अतिरिक्त संचालक एवं वनस्पति शास्त्र के प्राध्यापक प्रो. डॉ. व्ही.एस. सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके बाद अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। महाविद्यालय की छात्राओं आनंदी कलसे, देविका, इशिता, शानू एवं दीपिका राजपूत ने गुरु वंदना एवं गुरु स्मरण पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। छात्र-छात्राओं ने तिलक एवं पुष्पगुच्छ अर्पित कर सभी गुरुजनों का सम्मान किया।

स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने कहा कि गुरु वटवृक्ष की भांति होते हैं, जो अपने ज्ञान, संस्कार और अनुभव की शीतल छाया से शिष्यों के जीवन को दिशा प्रदान करते हैं। भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च



है तथा गुरु-शिष्य परंपरा हमारी अमूल्य धरोहर है। प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. समता जैन ने भारतीय ज्ञान परंपरा में गुरु-शिष्य संबंधों के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. आशुतोष दुबे ने भारतीय ज्ञान परंपरा के परिप्रेक्ष्य में गुरु-शिष्य परंपरा की प्रासंगिकता बताते हुए समर्पण भाव से कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना में अपने कार्यकाल के अनुभव, नवाचारों एवं विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में गुरु की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होना बताया। प्रमुख अतिथि प्रो. डॉ. व्ही.एस. सिंह ने शिक्षक के उत्तरदायित्व, गुणवत्तापूर्ण अध्ययन-अध्यापन, संघर्षपूर्ण जीवन, विद्यार्थियों के प्रति समर्पण, नम्रता तथा सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हुए कहा कि गुरु का जीवन समाज निर्माण का आधार है। आभार प्रदर्शन डॉ. सविता डेहरिया ने तथा कार्यक्रम का संचालन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. समता जैन ने किया।

दैनिक संपर्क

## मुंशी प्रेमचंद की रचनाएं भारतीय समाज का सटीक चित्रण - डॉ.सुषमा जादौन



## कथाकार मुंशी प्रेमचंद जयंती समारोह का विस्तृत प्रतिवेदन

प्रदेश वर्तमान

**भोपाल। बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल, भोपाल के हिंदी विभाग, स्वरचित साहित्य मंच एवं स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी साहित्य के अमर कथाकार, उपन्यास सम्राट एवं युगदृष्टा साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती का भव्य एवं गरिमामय आयोजन महाविद्यालय के सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रेमचंद के साहित्य, उनके जीवन-दर्शन, सामाजिक चिंतन एवं मानवीय मूल्यों से परिचित कराना तथा हिंदी साहित्य के प्रति उनकी अभिरुचि को विकसित करना था।**



कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके उपरांत बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा शशि वंशकार ने मधुर एवं भावपूर्ण स्वर में सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर पूरे वातावरण को ज्ञान, संस्कृति और साहित्य की गरिमा से अनुप्राणित कर दिया।

इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. किरण वट्टी ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि मुंशी प्रेमचंद केवल एक कथाकार नहीं, बल्कि भारतीय समाज की आत्मा के सशक्त व्याख्याकार थे। उन्होंने अपने साहित्य में किसानों, श्रमिकों, महिलाओं, वंचित वर्गों तथा सामान्य जनजीवन की पीड़ा, संघर्ष और आशाओं को अत्यंत संवेदनशीलता एवं यथार्थपरक दृष्टि से अभिव्यक्त किया। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रेमचंद के उपन्यासों एवं कहानियों का गंभीर अध्ययन करने का आग्रह करते हुए कहा कि उनका साहित्य आज भी समाज को दिशा देने की क्षमता रखता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार जैन ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद का साहित्य भारतीय संस्कृति, सामाजिक चेतना, नैतिक मूल्यों तथा मानवीय संवेदनाओं का अनुपम दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल ज्ञान अर्जित करना नहीं, बल्कि संवेदनशील एवं उत्तरदायी नागरिक का निर्माण करना है, और इस दृष्टि से प्रेमचंद का साहित्य विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन के साथ-साथ श्रेष्ठ साहित्य के पठन की आदत विकसित करने की प्रेरणा दी।

हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुषमा जादौन ने अपने उद्बोधन में प्रेमचंद के साहित्यिक अवदान का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी रचनाएँ भारतीय समाज की वास्तविक परिस्थितियों का सजीव चित्र प्रस्तुत करती हैं। उन्होंने बताया कि प्रेमचंद की भाषा सरल, सहज एवं प्रभावशाली होने के साथ-साथ सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम भी है। उनके साहित्य में समानता, न्याय, करुणा और मानवीय गरिमा जैसे मूल्यों की प्रतिष्ठा स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।

कार्यक्रम के अंतर्गत स्वरचित साहित्य मंच के विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। नैना मालवीय ने प्रेमचंद के साहित्य में नारी चेतना एवं सामाजिक सरोकारों पर अपने विचार व्यक्त किए। मनन दीक्षित ने प्रेमचंद की कहानियों की यथार्थवादी दृष्टि एवं वर्तमान समय में उनकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

# कार्यक्रम की विवरणिकाएँ































# कलम का सिपाही.......

कलम उठी तो सच बोल उठा
हर कोना-कोना बोल उठा
जिसने शब्दों से दीप जलाए
हर सैनिक इंसान जाग उठा।

न सोने-चाँदी की चाह रखी
न ऊँचे महलों का मान किया
गरीबों के आँसू लिख डाले
दुनिया को उनका ज्ञान दिया।

न तलवारों की धार चुनी
न युद्धों का अभिमान लिया
कलम को अपना शस्त्र बनाकर
अन्यायों का संहार किया।

निर्मला की मौन व्यथा
गबन का कड़वा सच लिखा
कफन के हर आँसू में,
भूख ने कैसा रूप था खोला।

इसलिए युग ने उनको
कलम का सिपाही कहा
स्याही को तलवार बनाकर
अन्याय से युद्ध किया।

सच की ज्योति हाथों लेकर
हर अँधियारे को हराया।
आज भी उनकी अमर लेखनी ने
हर सोए मन को जगाया।
इसीलिए अमर कहानी में वह कलम सिपाही प्रेमचंद कहलाया हैं।

नैना मालवीय
बी.ए तृतीय वर्ष

# स्टूडेंट कॉर्नर

**Babulal Gaur Govt P.G. College, BHEL, Bhopal**

**Activity Plan and Execution Calendar**

**Session :- 2026-27**

| Month | Tentative Dates/Week | Event/Activities | Organizing Department |
|---|---|---|---|
| July | 1st | College Re-open/ Teaching Start | |
| | 1st to 3rd | Dikshaarambh Samaroh | Pravesh utsav Committee |
| | 1st To 31st | Admission Process* | Admission Committee |
| | 29th | Guru Purnima | IKS |
| | 11th | World Population Day | Economics |
| | 21st | Forest Conservation Day | Botany / ECO Club |
| | 26th | Kargil Victory Day | NCC/NSS |
| | 31st | Prem Chand Jayanti | Hindi |
| August | 3rd | Methali Sharan Gupt Jayanti | Hindi |
| | 12th | Library Day | Library |
| | 15th | Independence Day | NCC/NSS |
| | | Hariyali Teej | Staff Club |
| | 19th | Tulsi Jayanti | Hindi |
| | 21st | Babulal Gaur ji Punyatithi | JBS & College staff |
| | 29th | National Sports Day | Sport |
| | 4th Week | NCC Enrollment | NCC |
| September | 1st Week | Nutrition Week Celebration | CND |
| | 1th to 20th | Supplementary Exam* | As per BU Time Table |
| | 5th | Teachers Day | Students/Staff |
| | 2nd Week | CCE-1* | All Subjects |
| | 3rd/ 4th Week | Youth Festival* | Youth Festival Committee |
| | 8th | International Literacy Day | NSS |
| | 14th | Hindi Day | Hindi |
| | | Making of clay Ganesha idol | ECO Club / Energy and Environment Conservation and Awareness Committee |
| | 16th | Ozone Day | Science Club / ECO Club/ Energy and Environment Conservation and Awareness Committee |
| | 24th | NSS Day | NSS |
| | 27th | World Tourism Day | Tavel & Tourism Club |
| | | Dr. S.R. Ranganathan Punyatithi | Library |
| | Student Election* | | |
| October | 2nd | Mahatma Gandhi Jayanti | NSS, NCC |
| | | Lal Bahadur Shastri Jayanti | |
| | 16th | World Food Day | CND |
| | 7th | Anti Poverty Day | Economics ++ |
| | 30th | Dr. Homi Bhabha Day | Chemistry and Physics |
| | 31st | National Unity Day | English |
| November | 1st | Madhya Pradesh Foundation Day | Day Celebration Committee |
| | 06th to 12th | Diwali Vacation* | |
| | 7th | Anti Poverty Day | Economics |
| | 15th | Birsa Munda Jayanti | Day Celebration Committee |
| | 3rd Week | CCE-2* | All Subjects |
| December | 1st | World Aids Day | Red Ribbon Committee |
| | 3rd | Gas Tragedy | Chemistry |
| | 10th | Human Right Day | Sociology |
| | 11th | Bhartiya Bhasha Diwas | Day Celebration Committee |
| | 14th | National Energy Conservation Day | Energy and Environment Conservation and Awareness Committee |
| | 22nd | National Mathematics Day | Mathematics |
| | 30th | NCC Day | NCC++ |
| January | 10th | World Hindi Day | Hindi |
| | 12th | National Youth Day | NCC\NSS |
| | 2nd Week | CCE-3* | All Subjects |
| | 25th | Matdata Diwas | Matdata Committee, Electoral Club |
| | | National Tourism Day | Travel & Tourism Club |
| | 26th | Republic Day | NSS/NCC/Sports |
| February | 1st Week | Annual Function * | Student Union committee |
| | | College Magazine | College Magazine committee |
| | 2nd | World Wetland Day | Botany & Zoology |
| | 11th | Basant Panchami | Staff Club |
| | 14th | Pulwama Attack | NSS/NCC |
| | 21th | Nirala Jayanti | Hindi |
| | 28th | National Science Day | Science Club |
| March | 05th to 20th | Practical Exam * | All Science Subjects |
| | 8TH | Women's day | Staff Club |
| | 15th | World Consumer Day | Commerce |
| | 04th Week | Holi Milan Samaroh | Staff Club |
| | 27th To 31st May* | Annual Exam* | As per BU Time Table |
| | | Annual Exam* | |
| April | 7th | World Health Day | CND |
| | 14th | Ambedkar Jayanti | Day Celebration Committee |
| | 18th | World Heritage Day | Travel & Tourism |
| | 22nd | Earth Day | Physics |
| | 23rd | World Book Day | Library |

**Note:-**

* As per the Department of Higher Education, Madhya Pradesh Academic Calendar From 18th May to 30th June 2027 - Summer Vacation for Teaching Staff.

Dr. Keerty Shrivastava
Coordinator IQAC

Dr. Sanjay Kumar Jain
Principal




**सभी नियमित विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य**








**सभी नियमित विद्यार्थियों को प्रतिदिन महाविद्यालय की निर्धारित ड्रेस में आना एवं महाविद्यालय से प्रदाय अधिकृत परिचय पत्र साथ में रखना अनिवार्य है।**

## आगामी कार्यक्रम

- मैथिलीशरण गुप्ता / तुलसी जयंती
- शिक्षक दिवस समारोह
- हिंदी दिवस समारोह
- श्री कृष्ण जन्माष्टमी

## संपादक की पाती

' तरंग ' का माह अगस्त 2026 का अंक आपके हाथों में है। यह अंक आपको कैसा लगा, हमें अवश्य बताएँ। आपकी टिप्पणी / सुझावों की हमें प्रतीक्षा रहेगी। विद्यार्थी अपनी रचनाएँ, सुझाव, प्रतिक्रिया और उपलब्धि 'स्टूडेंट कॉर्नर' के लिये tarangnews2024@gmail.com पर मेल कर सकते हैं।

**सौजन्य ई-न्यूजलेटर समिति:-**
डॉ. सुषमा जादौन ( संयोजक )
डॉ. वर्षा चौहान , डॉ. सविता डहेरिया
निशांत उपाध्याय ( कम्प्यूटर वर्क )